# किसके आदेश पर रोका गया स्व-सहायता समूहों का भुगतान

**आंगनवाड़ी केंद्रो में कार्यरत महिलाओं को नहीं हुआ भुगतान**




**सिवनी नवभारत। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जमीनी हकीकत सिवनी जिले में सवालों के घेरे में है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को पिछले चार से पाँच महीनों से भुगतान नहीं किया गया है, जिससे अब यह मामला सीधे जिला कलेक्टर और महिला बाल विकास आयुक्त की जिम्मेदारी का विषय बन गया है। जहां जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की आंगनवाड़ी केंद्रों में स्व-सहायता समूहों की महिलाएं नियमित रूप से समूह के माध्यम से भोजन निर्माण एवं वितरण का कार्य कर रही हैं।**

यह महिलाएं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती हैं और इन्हीं योजनाओं के सहारे उनके घरों का चूल्हा जलता है। इसके बावजूद उनका मेहनताना महीनों से रोका जाना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और संवेदनहीनता को दर्शाता है।

सबसे अहम सवाल यह है कि क्या जिला कलेक्टर को इस पूरे मामले की जानकारी है? यदि जानकारी है तो अब तक भुगतान क्यों नहीं कराया गया?

और यदि जानकारी नहीं है, तो महिला एवं बाल विकास विभाग जिले में आखिर कैसे संचालित हो रहा है? सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब से नई जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पदभार संभाला है, तब से भुगतान की प्रक्रिया ठप पड़ी है। महिलाओं का आरोप है कि फाइलें जानबूझकर रोकी जा रही हैं और शिकायत करने पर टेंडर निरस्त कर दिए जाने की धमकी दी जाती है। यह न केवल आर्थिक शोषण है, बल्कि गरीब महिलाओं की आवाज दबाने का प्रयास भी है। यह भी सवाल उठता है कि महिला बाल विकास आयुक्त, जिनके अधीन पूरा विभाग कार्य करता है, क्या वे इस स्थिति से अनजान हैं?

आयुक्त स्तर पर जिले से भुगतान संबंधी रिपोर्ट मांगी गई है?

### कलेक्टर से गुहार



जब जिले की कलेक्टर स्वयं एक महिला हैं, जिले की भाजपा अध्यक्ष महिला हैं और सांसद भी महिला हैं, तब भी महिला एवं बाल विकास विभाग में गरीब महिलाओं के साथ हो रहा यह अन्याय और भी गंभीर हो जाता है। सवाल यह है कि क्या महिला नेतृत्व केवल मंचों तक सीमित है, या फिर जमीन पर भी महिलाओं को न्याय मिलेगा? अब यह मामला केवल विभागीय नहीं, बल्कि शासन की छवि से जुड़ गया है।

### इनका कहना है



यदि महिलाओं के शोषण और महिला-बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित स्व-सहायता समूहों के लंबित भुगतान को लेकर सिवनी-बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कहा कि मुझे इस विषय की अभी पूरी जानकारी नहीं है। मैं इस संबंध में कलेक्टर से इस मामले की जानकारी लूंगी। बात कर स्थिति की जानकारी लूंगी।

**श्रीमती भारती पारधी, सांसद, सिवनी-बालाघाट**

### किसकी लापरवाही?

यदि नियमों के अनुसार भुगतान समय पर होना चाहिए, तो सिवनी में नियम क्यों नहीं लागू हो रहे? पूर्व में पदस्थ जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिजीत पचौरी के कार्यकाल में भुगतान समय-सीमा में किया जाता रहा है। फिर वर्तमान में ऐसी कौन-सी बाधा है, जिसकी आड़ में गरीब महिलाओं का पैसा रोका जा रहा है? क्या यह केवल प्रशासनिक लापरवाही है या फिर किसी प्रकार की अंदरूनी अनियमितता?

### कलेक्टर और महिला बाल विकास आयुक्त को स्पष्ट करना होगा

भुगतान कब तक किया जाएगा? भुगतान रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारी कौन है? क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी या फिर मामले को दबा दिया जाएगा? यदि शीघ्र ही इस पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो यह मामला आंदोलन और राजनीतिक टकराव का रूप ले सकता है। क्योंकि सवाल सिर्फ पैसों का नहीं, बल्कि गरीब महिलाओं के अधिकार और सम्मान का है।



## छपारा वन परिक्षेत्र में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**छपारा नवभारत।** विगत 18 जनवरी दिन रविवार को वन परिक्षेत्र छपारा अंतर्गत व्रत भीमगढ़ ग्राम सरंडिया बीट में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शासकीय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । वन और वन्य प्राणियों के संरक्षण और संवर्धन के बारे में बताया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय जनप्रतिनिधि शिवकांत सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष नगर परिषद छपारा सदम सिंह बरकड़े अध्यक्ष जनपद पंचायत छपारा तौफीक खान जनपद पंचायत सदस्य आरिफ खान अध्यक्ष ग्राम पंचायत समिति बरबसपुर शामिल हुए संपूर्ण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती अनुराधा ठाकुर और सुश्री शिवानी बघेल के द्वारा बच्चों को स्थानीय वृक्षो की प्रजातियां उनके उपयोग से अवगत कराया गया संपूर्ण कार्यक्रम बर्ष 2026 की अनुभूति थीम हम हैं जंगल के दूत पर आधारित रहा संपूर्ण कार्यक्रम गोपाल सिंह मंडल अधिकारी लखनादौन, महेंद्र सिंह जयंत शरद सिंह वन मंडल अधिकारी छपारा सामान्य परिक्षेत्र सहायक नरेश डेहरिया ,इनवाती ऋषि पन्दरे चंद्र विनय सिंह कमल सिंह धुर्वे सहित वन हमले का सहयोग रहा ।

### एक नजर में

## धूमा को तहसील बनाने विधायक योगेंद्र सिंह ने की मांग



सिवनी। क्षेत्रीय विधायक योगेंद्रसिंह( बाबा) ने धूमा को तहसील बनाने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र मुख्यमंत्री कार्यालय ने कार्यवाही करते हुये सचिव मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग अरेरा हिल्स भोपाल को सीएम मानिट क्र. 6872/ CMS/ PUB/ 2025, दिनांक 11/12/2025 प्रकरण भेजा जिसमे आयोग ने राजस्व विभाग से जानकारी माँगी है। जिससे धूमा क्षेत्र की जनता में हर्ष हैं और बिधायक योगेंद्रसिंह की हर गांव में प्रशंसा हो रहीं हैं।धूमा तहसील बनती हैं तो क्षेत्र की जनता जो छोटे छोटे काम के लिये लखनादौन जाती हैं और उन्हें आर्थिक एवं समय की हानि होती हैं बो बचेगा साथ ही धूमा आदिवासी बहुल ग्राम का बड़ा कस्बा हैं और यह पूरे क्षेत्र का सेंटर पाइंट हैं क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप बिधायक योगेंद्र सिंह काम कर रहें क्षेत्र की जनता भी मुख्यमंत्री जी से अपील करती हैं कि धूमा को तहसील बनायी जाये।

## सीपीएल क्रिकेट लीग की शुरुआत



छपारा। नगर की यंग हीरो क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में सिंचाई कालोनी स्थित खेल ग्राउंड पर बहुप्रतीक्षित क्रिकेट स्पर्धा सीपीएल की शुरुआत हुई स्पर्धा के पहले दिन कुल तीन मैचों का आयोजन हुआ जिसमें डेसिंग धनंजय,विराट आर्मी और श्याम करेंट टीमों के बीच आपस में हुए उक्त तीनों टीम छपारा की थीं पहला मैच डेसिंग धनंजय 39 रनों से विजयी हुई वहीं दूसरे मुकाबले में भी श्याम करेंट को 27 रनों से हराकर डेसिंग धनंजय ने दो मैच में जीत दर्ज कराई वहीं दिन के आखिरी मैच श्याम करेंट और विराट आर्मी के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में श्याम करेंट ने 167 रनों का विशालतम स्कोर खड़ा कर जीत पहली जीत दर्ज करने में सफल रही आज 23 जनवरी को भी तीन मैचों में बागवानी रेडलायंस,हिटला पावर और चौहान सुपर किंग्स के मध्य खेले जाएंगे।




## नगर परिषद छपारा में आनंद उत्सव अंतर्गत कार्यक्रम

छपारा। नगर परिषद छपारा द्वारा 22 और 23 जनवरी को आनंद उत्सव अंतर्गत कार्यक्रम जारी हैं जिसमें गुरुवार 22 जनवरी को रंगोली प्रतियोगिता एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में शासकीय स्नातक महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं द्वारा रंगोली एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया गया। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार 14 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य आनंद उत्सव मनाया जाना जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्थानीय स्तर पर प्रचलित परंम्परागत खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन निकाय स्तर पर किया जाना है, जिसमें सभी आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष एवं इस कार्यक्रम में हिस्सा ले सकते है, वहीं 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष और दिव्यांगजनों की सहभागिता सुनिश्चित किया जाना है।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष बने नन्दन श्रीवात्री



सिवनी नवभारत। प्रदेश में पत्रकारों के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ा रहे ट्रेड यूनियन से पंजीकृत सबसे बड़े संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ भोपाल ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए युवा, निर्भीक एवं प्रतिबद्ध पत्रकार नन्दन श्रीवात्री को सिवनी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। संघ के प्रांतीय महासचिव सत्यनारायण वैष्णव ने प्रांतीय कार्यालय भोपाल से जारी आधिकारिक आदेश में सिवनी जिले में निष्पक्ष, निर्भीक एवं स्वच्छ पत्रकारिता के साथ-साथ पत्रकार हितों के लिए निरंतर सक्रिय भूमिका में सहभागिता निभाने वाले साथी नन्दन श्रीवात्री को मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सिवनी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 22 जनवरी को मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ भोपाल प्रदेश नेतृत्व द्वारा साथी प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष साथी राजेश द्विवेदी, संभागीय अध्यक्ष साथी राजेंद्र मिश्रा के सुझाव पर छिंदवाड़ा संभागीय इकाई अध्यक्ष पर मनीष जैन एवं सिवनी जिला महासचिव कन्हैया प्रजापति को नियुक्त किया गया है।

## 3 फरवरी को मनाया जाऐगा शबे-बारात का त्यौहार




**सिवनी नवभारत।** इस्लामी महा शाबानुल मुअज्जम का चांद दिखने के बाद और मरकज ए अहले सुन्नत व जमात दरगाह आला हजरत बरेली शरीफ़ एवं मरकज ए अहले सुन्नत ईदगाह मस्जिद द्वारा चांद की शरई तस्दीक के बाद एवं मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश के तस्दीक के बाद ये ऐलान किया जाता है की 3 फरवरी मंगलवार को शबे-बारात का पर्व त्यौहार मनाया जाएगा । सिवनी शहर एवं जिले भर में सभी अहले सुन्नत व जमात की सुन्नी मस्जिद दरगाह खानकाह मजारों एवं मुस्लिम कब्रिस्तानों में मुस्लिम समाज बड़ी संख्या में उपस्थित होता है ईसाले सवाब फातिहा कर पूर्वजों को याद करता है और विषेष रूप से नमाज़ ईबादत कुरान की तिलावत और मस्जिदों पर जलसे तकरीर नात शरीफ वगैरह की महफ़िल सजाई जाती है,बाद नमाज़ ए फजिर लोग ज्यादा से ज्यादा तादाद में कब्रस्तान में जाकर अपने पुरखों पुर्वजों के लिए दुआ ए मगफिरत करते ईसाले सवाब वगैरह करते हैं। इस पर्व को हलवा रोटी का त्योहार भी कहा जाता है जिसमें पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब सल्लाहो अलैय वसल्लम के खास अनुयाई हज़रत ओवैस करनी रहमतुल्लाह अलैय की याद में खास फातिहा होती है। शाबान का महिना हज़रत पैगम्बर मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम का महिना भी कहा जाता हैं।

सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी द्वारा जिला प्रशासन एवं कलेक्टर नगर पालिका परिषद एवं विधुत मंडल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में से नगर पंचायत वगैरह में अपील की है कि 3 फरवरी मंगलवार को मुस्लिम समाज का शबे-बारात का पर्व पुरी शान-शौकत के साथ शांति पूर्वक मनाया जाएगा जिसमें जिले भर की मुस्लिम क्षेत्रों की मस्जिद दरगाह खानकाह मजारों कब्रस्तान में विषेष साफ़ सफाई व्यवस्था बिजली पानीं व्यवस्था सुसज्जित बनाने की मांग की है।

## पंजाब बैंक के हितग्राही रोड़ में वाहन खड़े करने मजबूर

**बैंक मैनेजर की अनदेखी से कभी भी हो सकती है बड़ी अनहोनी**






**गणेशगंज नवभारत।** लखनादौन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गणेशगंज में देवरी शाखा के नाम से संचालित पंजाब नैशनल बैंक के हितग्राहियों के लिए नहीं है पार्किंग व्यवस्था बैंक मैनेजर की अनदेखी से बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

विदित हो ग्राम गणेशगंज बस स्टैंड में विगत वर्षों से देवरी कला शाखा के नाम से संचालित पंजाब नैशनल बैंक मैन रोड़ से महज 20 फिट दूरी पर हो रही संचालित।

जहां प्रतिदिन लाडली बहना, विभिन्न पेंशन योजना, आसपास क्षैत्रिय किसान, व्यापारी सहित अन्य हितग्राही अपने पैसे निकालने व जमा करने पहुंचते हैं। वही वाहन पार्किंग की व्यवस्था न होने से सभी हितग्राही अपने छोटे बड़े वाहन मेन रोड के ऊपर खड़े कर बैंक में घंटो अपने काम काज करने में लगे रहते हैं। जिस कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है तथा यातायात व्यवस्था दिनों दिन बिगड़ते जा रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार मगंलवार को यहां साप्ताहिक बैठकी बाजार लगती है जिसमें बैंक में भीड़ अधिक होने व बाज़ार में आवाजाही अधिक होने से ट्राफिक दबाव और भी अधिक बढ़ जाता है ऐसे में कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।

हालाकि इस सम्बंध में समय अनुसार बैंक मैनेजर से अनेकों बार चर्चा भी की गई परंतु बैंक मैनेजर की निष्क्रियता के चलते समस्या जस की तस बनी हुई हैं। आखिर बैंक मैनेजर द्वारा किसके संरक्षण में रहकर लापरवाही बरती जा रही है। अब ऐसे में कभी कोई बड़ी दुर्घटना घटती है तो इसका ज़िम्मेदार कौन होगा, ?

## सुकतरा में देव संस्कृति फाउंडेशन ने आयोजित किया सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम



**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक चलने वाले अभियान ग्रामोदय से अभ्युदय के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी के जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला एवं ब्लॉक समन्वयक कुलदीप सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में सेक्टर सुकतरा के ग्राम सुकतरा के स्कूल प्रांगड़ में आज दिनांक 21 जनवरी को शाम 4 बजे से स्वच्छता एवं शिक्षा एवं संस्कार विषय पर कार्यक्रम संपन्न किया गया । उपस्थित मंचासीन अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चन कर आज के कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम सरपंच देवेंद्र ,मुख्य वक्ता रंजीत साहू अध्यक्ष देव संस्कृति फाउंडेशन ,ब्लॉक समन्वयक कुरई कुलदीप सिंह ठाकुर आदि का संस्था के सदस्यों के द्वारा स्वागत कर कार्य क्रम को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे रंजीत साहू ने स्वच्छता का संदेश दिया उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमे अपने घरों से प्रारंभ करना चाहिए,घर के साथ साथ हमे आंगन और हमारे सामने की सड़क की सफाई रखना भी हमारे स्वयं की जिम्मेदारी है

ब्लॉक समन्वयक कुलदीप सिंह ठाकुर ने कहा कि ग्रामोदय से अभ्युदय योजना जो कि 12 जनवरी से 26 जनवरी तक चलना है प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर एवं युवाओं के प्रेरणा श्रोत स्वामी विवेकानंद जी की 164 वी जयंती पर सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगो तक पहुंचाना एवं जिन लोगों को अभी तक किसी योजना का लाभ नहीं मिला है ऐसे पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाना जनअभियान परिषद अपने नेटवर्क के माध्यम से ग्रामोदय से अभ्युदय योजना के माध्यम से कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें खेती को सरल सुलभ बनाने के लिए वैज्ञानिक ढंग से खेती करना चाहिए जिससे कम लागत में ज्यादा मुनाफा का धंधा बने,हम देखते है कि सभी लोग अपने बच्चे को डॉक्टर या इंजीनियर बनाने की ख्वाइश रखते है परन्तु कोई ये नहीं कहता कि मुझे अपने बच्चे को किसान बनाना है,खेती भी अब टेक्नीक का प्रयोग करके एक स्मार्ट व्यवसाय बना सकते है और हम खुद के मालिक बन सकते है। आज के इस कार्यक्रम में लगभग अस्सी लोग उपस्थित रहे जिनमें माताएं एवं बच्चे ज्यादा तादाद में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन देव संस्कृति फाउंडेशन के सचिव श्री अशोक शिववेदी ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रस्फुटन समिति सुकतरा के मोहन कोहरे,गोकल प्रजापति, एवं रोशनी सैयाम,दिलीप रजक तथा मेंटर्स विशाल नागवंशी, यास्मीन कुरैशी वालंटियर्स पिंकेश विश्वकर्मा जी,मुकेश बिसेन जी आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

## यज्ञोपवीत संस्कार एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम को लेकर घंसौर व लखनादौन में हुई बैठकें



**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिला ब्राह्मण समाज द्वारा आगामी 6 फरवरी को नगर के माता राजराजेश्वरी मंदिर, भगवान परशुराम मंदिर एवं मंगल भवन में आयोजित होने वाले यज्ञोपवीत संस्कार एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से घंसौर एवं लखनादौन में ब्लॉक स्तरीय बैठकों का आयोजन किया गया। घंसौर नगर के राम मंदिर में आयोजित बैठक में सिवनी जिला ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी, महासचिव प्रशांत शुक्ला, जिला संयोजक अजय मिश्रा, परशुराम वाहिनी के जिला अध्यक्ष सूर्यकांत चतुर्वेदी, पं. जुगल किशोर दुबे, प्रमोद झा, महिला शाखा अध्यक्ष अरविंदजा दुबे, जिला संयोजक शकुंतला तिवारी, दुर्गेश्वरी शर्मा, गीता अवस्थी, मंजूलता दुबे सहित समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। बैठक का संचालन पवन पाठक द्वारा किया गया।

बैठक में महासचिव प्रशांत शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 फरवरी को आयोजित यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम के साथ-साथ 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले समाजजनों का प्रतिभा सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समाजजनों से अधिक से अधिक सहयोग की अपील की। साथ ही वर्तमान समय में बढ़ रहे अंतरजातीय विवाह एवं ब्राह्मण परिवारों में संस्कारों में आ रही गिरावट पर चिंता व्यक्त की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर घंसौर ब्लॉक अध्यक्ष विजय तिवारी सहित राजेश दुबे, संजय मिश्रा, राधेलाल तिवारी, विजय चतुर्वेदी, दीपेश पांडे, अवधेश पांडे, वैभव चतुर्वेदी, धनंजय मिश्रा, यश द्विवेदी, अशोक अग्निहोत्री, सुदामा महाराज, जित्तू नायक सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में मंगल भवन निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई, जिस पर जिला अध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी द्वारा भवन निर्माण हेतु सीमेंट प्रदान करने की घोषणा की गई, जिसका उपस्थितजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। इसी क्रम में लखनादौन नगर के श्रीराम मंदिर में भी ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन अनुराग शुक्ला द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा सूर्यकांत चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत की गई। लखनादौन ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर शरण त्रिवेदी ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों की उपस्थिति का आश्वासन दिया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील कुरई जिला सिवनी (म.प्र.)**
**:: ईश्तहार ::**
प्रकरण क्रमांक / 0461/अ-6/2025-26
ग्राम पिण्डकापार प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. कुरई
तहसील कुरई जिला सिवनी

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पूनम जायसवाल पति प्रवीण जायसवाल, जाति कलार, निवासी ग्राम पिण्डकापार तहसील कुरई जिला सिवनी के द्वारा अनावेदक जोहरा बी बेगम पिता ढब्बू खां, जाति मुसलमान के विरूद्ध संहिता की धारा 109, 110 म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पेश कर लेख किया है कि आवेदक ने रा.नि.म. कुरई तहसील कुरई के अंतर्गत ग्राम पिण्डकापार प.ह.नं. 40 स्थित भूमि ख.नं. 197/14 रकबा 0.03 हे. भूमि भूमिस्वामी जोहरा बी बेगम पिता ढब्बू खां, जाति मुसलमान से रजिस्टर्ड बेनामा पत्र क्रमांक A/1175 दिनांक 11/09/2012 से क्रय कर मालिक हो गया। अतः क्रय भूमि पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किया जावे। आवेदन पत्र के साथ बैनामा की छायाप्रति पेश की है।

उक्त संबंध में प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/01/2026 को न्यायालय तहसीलदार कुरई में होना नियत है। यदि किसी भी व्यक्ति को आवेदक का नाम उक्त वर्णित भूमि में दर्ज किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह प्रकरण नियत दिनांक 27/01/2026 या उसके पूर्व स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है, समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 12/01/2026 को जारी। नायब तहसीलदार, तहसील कुरई जिला सिवनी (म.प्र.)

**धर्म** | मंगलीपेठ में जारी है भव्य शिव महापुराण भागवत कथा, भक्तों का उमड़ रहा तांता

# शिवमहापुराण कथा में 27 को होगा 21 हजार रुद्राक्ष वितरण



**सिवनी नवभारत।** नगर के कस्तूरबा वार्ड स्थित मंगलीपेठ में 19 जनवरी से 27 जनवरी तक भव्य शिवमहापुराण कथा एवं 21 हजार रुद्राक्ष वितरण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित की जा रही है वहीं प्रात: 8 बजे से शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया गया था।



शिवमहापुराण कथा का वाचन संस्कारधानी जबलपुर के श्रद्धेय परम पूज्य पं. गणेश प्रसाद दुबे जी 'सरल' के मुखारबिंद से हो रही है।27 जनवरी को हवन-पूजन, भंडारे के साथ 21 हजार रुद्राक्षों का वितरण किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन का लाइव टेलीकास्ट यूट्यूब व फेसबुक पेज गनेश प्रसाद दुबे सरल पर किया जाएगा।

कार्यक्रम के आयोजक मालवी परिवार एवं श्रीमती निर्मला मालवी हैं। बता दे की सिवनी जिले में जो शिव की नगरी के नाम से जाना जाता है जहां इस समय बड़ी धूमधाम से श्रद्धा के साथ कथा का आयोजन हो रहा है जहां

### शिवभक्ति से ही मिलती है शांति और सिद्धि – महाराज श्री

आज की शिवमहापुराण कथा में महाराज श्री ने शिवभक्ति के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान शिव तक पहुँचने का मार्ग भक्ति, संयम और सेवा से होकर जाता है। कथा के दौरान उन्होंने हनुमान जी के चरित्र का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए बताया कि हनुमान जी शिव तत्व से ओत-प्रोत महान भक्त हैं, जिनका जीवन शक्ति, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। महाराज श्री ने कहा कि शक्ति तभी कल्याणकारी होती है जब उसमें विनम्रता का भाव हो। उन्होंने यह भी कहा कि जो साधक अहंकार का त्याग कर शिव के मार्ग पर चलता है, वही जीवन में सच्ची शांति और सिद्धि प्राप्त करता है।

**मंडला से हुई थी शुरूआत**

श्रद्धेय पं. गणेश प्रसाद दुबे 'सरल' ने धार्मिक कथा वाचन की शुरुआत वर्ष 2007 में मंडला जिले से की थी। बीते लगभग 20 वर्षों से वे निरंतर धर्म प्रचार के क्षेत्र में सक्रिय हैं। छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित नागपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वामन कुडे के सान्निध्य में आस्था भजन कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसका इंटरनेशनल प्रसारण नागपुर से किया गया था।

पं. गणेश प्रसाद दुबे 'सरल' जबलपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, सिवनी सहित अनेक क्षेत्रों में धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सनातन संस्कृति का प्रचार कर रहे हैं। उनकी शिवमहापुराण कथा व अन्य अब सिवनी में शुरू है।

**आवश्यकता हैं**
दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता हैं, ड्रायव्हर 2, (सैलरी 10 से 20 हजार)
समय : सुबह 10 से रात 8, बजे तक
संपर्क :- नारायणी सेल्स, साई हॉटेल के पीछे, तवकल लेआऊट वाडी नागपुर
70288 80502
86003 82146

**एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन जिला सिवनी**
**आवश्यकता है**
इच्छुक मेल फीमेल नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है पता सिवनी रोड समनापुर एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन
संपर्क सूत्र
9752360935
9424657567